कबाड़ से हो रहा है अच्छा जुगाड़

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में शासन की महत्वकांक्षी योजनाओ में से एक वेस्ट से बेस्ट यानी जिन चिजो को हम बेकार समझकर फेंक देते है उससे भी अच्छे आकर्षक कलाकृतियां बनाई जा सकती है। इसी को साधारण भासा में कबाड़ से जुगाड कहा जा रहा है। नगर निगम भिलाई के विभिन्न गार्डनो में अनुपयोगी सामानो को लेकर उपयोगी कार्य किया गया है। खाली पड़े पुराने टायर, कुर्सी, सामग्री आदि को मिलाकर उसी को आकर्षक रूप देकर कहीं कुर्सी बनाया गया, झुला बनाया गया, सजावट का सामान बनाया गया। जो आज आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। आयुक्त बजरंग दुबे ने स्वयं पहल की, गार्डन में काम कर रहे कर्मचारियो, स्व–सहायता समूह की महिलाओं को इसके लिए प्रेरित किये है। इसमें उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू भी बड़चड़कर हिस्सा ले रहे है। आयुक्त का कहना है कि जो सामान हमारे लिए अनुपयोगी था उसी को आज पेंट करके, उसमे कुछ जोड़कर अच्छा सुन्दर आकर्षक दिखने वाला सामग्री बन गया है। सब कुछ किया गया है निगम के ही कर्मचारियो द्वारा। बस सकारात्मक पहल की जरूरत होती है।